संख्या- 86 /2016 /351 / चार-2015-12(बजट)/2012 टीसी

प्रेषक,

तुलसी राम
विशेष सचिव
उत्तर प्रदेश शासन

सेवा में,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0,
जवाहर भवन, लखनऊ।

संस्कृति अनुभाग: लखनऊ: दिनांक 31 मार्च 2016

विषय:- वित्तीय वर्ष 2015-16 में भारतेन्दु नाट्य अकादमी के सुदृढीकरण आदि कार्यो हेतु अवशेष धनराशि की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति निर्गत किये जाने के सम्बन्ध मे।

महोदय,

उपरोक्त विषय पर निदेशक, भारतेन्दु नाट्य अकादमी, गोमती नगर लखनऊ के पत्र संख्या-2538/बजट/230/2015-16 दिनांक 15 मार्च 2016 के संदर्भ में मुझे आपसे यह कहने का निदेश हुआ है कि भारतेन्दु नाट्य अकादमी के सुदृढीकरण आदि कार्यो हेतु कार्यदायी संस्था उ0प्र0 विधायन एवं निर्माण सहकारी संघ लि0 (पैकफेड प्रखण्ड-3) द्वारा धनराशि रू0 124.75 लाख को विभागीय मूल्यांकन समिति द्वारा प्राप्त आगणन का परीक्षण करते हुए कार्य की मूल्यंकित लागत रू0 117.34 लाख के सापेक्ष शासनादेश संख्या-13/2016/4059/चार'2015-12(बजट)/2012टीसी दिनांक 27 जनवरी, 2016 द्वारा धनराशि रू0 50.00 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृत प्रदान की गयी। , तद्नुक्रम में वर्तमान वित्तीय वर्ष 2015-16 में प्रश्नगत कार्य हेतु अवशेष धनराशि रू0 67.34 लाख (रूपये सडसठ लाख चौतीस हजार मात्र) की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति श्री राज्यपाल महोदय सहर्ष प्रदान करते है।

2- उक्त स्वीकृति धनराशि का आहरण /उपयोग नियमानुसार किया जायेगा। धनराशि आहरित करके बैंक/पोस्ट आफिसमें जमा नहीं की जायेगी।

3- शासनादेश संख्या-13/2016/4059/चार'2015-12(बजट)/2012टीसी दिनांक 27 जनवरी, 2016 में उल्लिखित शर्ते/प्रतिबन्ध आदि यथावत रहेंगे।

4- उपर्युक्त स्वीकृति से सम्बन्धित व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2015-16 के आय-व्ययक के अन्तर्गत अनुदान संख्या- 92- के अधीन लेखाशीर्षक-2205-कला एवं संस्कृति -आयोजनागत-101-ललित कला शिक्षा-08- भारतेन्दु नाट्य अकादमी, लखनऊ को अनुदान- 20-सहायता अनुदान-सामान्य (गैर वेतन) के नामे डाला जायेगा।

5- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-बी -2/2015/बी-1-925/दस-2015-231/2015 दिनांक 30 मार्च, 2015 में प्रशासकीय विभागों को प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

(तुलसी राम)
विशेष सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in/

संख्या - /2016 / 351 (1)/चार-2015 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- प्रधान महालेखाकार, (लेखा व हकदारी) प्रथम, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2- वित्त नियंत्रक, संस्कृति निदेशालय , उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ ।
3- मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ।
4- प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 विधायन एवं निर्माण सहाकारी संघ लि0 लखनऊ।
5- परियोजना प्रबन्धक, निर्माण प्रखण्ड -3, उ0प्र0 विधायन एवं निर्माण सहाकारी संघ लि0 लखनऊ
6- निदेशक, भारतेन्दु नाट्य अकादमी लखनऊ ।
7- वित्त व्यय नियंत्रण अनुभाग-7/ वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/नियोजन अनुभाग-4
8- निजी सचिव, मा0 संस्कृति मत्री (स्वंतत्र प्रभार) , संस्कृति विभाग।
9- गार्ड फाइल।

आज्ञा से ,

(मनोज कुमार सिंह)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in/

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।